प्रेस नोट- थाना अल्हागंज

जनपद शाहजहाँपुर

दिनांक- 16.11.2026

थाना अल्हागंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित 03 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अल्हागंज के नेतृत्व में चलाये जा रहे अभियान रोकथाम जुर्म जरायम व अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी के क्रम में थाना अल्हागंज पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 15.11.2026 को वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना अल्हागंज पर मु0अ0सं0-237/26 धारा 191(2)/115(2)/ 118(1)/352/351(3)/109(1)/78(2)/79 बीएनएस व 11/12 पॉक्सो एक्ट बनाम आलोक आदि 12 नफर के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था, इसी क्रम में दिनांक 15.11.26 को थाना अल्हागंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर एमपी गुजरात ढाबा के सामने कनारी बाँक जाने वाले रास्ते पर 100 मीटर पर अभियुक्त गण 1. पूरन पुत्र रामनाथ उम्र करीब 40 वर्ष, 2. राजकुमार पुत्र मेम्मवरपाल उम्र करीब 36 वर्ष, 3. उपदेश पुत्र मेम्मवरपाल उम्र करीब 20 वर्ष, निवासीगण ग्राम कनारी बाँक थाना अल्हागंज जिला शाहजहाँपुर को मुकदमा उपरोक्त के जुर्म धारा से अवगत कराते हुए कारण गिरफ्तारी बताकर समय करीब 23.10 बजे गिरफ्तार किया गया। एवं अभियुक्त गणों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त 02 अदद कुल्हाडी, 01 अदद बांका बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

- पूरन पुत्र रामनाथ, उम्र करीब 40 वर्ष,
- राजकुमार पुत्र मेम्मवरपाल, उम्र करीब 36 वर्ष,
- उपदेश पुत्र मेम्मवरपाल, उम्र करीब 20 वर्ष, निवासीगण ग्राम कनारी बाँक, थाना अल्हागंज, जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

- मु0अ0सं0-237/26 धारा 191(2)/115(2)/ 118(1)/352/351(3)/109(1)/78(2)/79 बीएनएस व 11/12 पॉक्सो एक्ट।

गिरफ्तारी का दिनाँक,समय व स्थान का विवरणः-

- दिनांक- 15.10.2026 समय करीब 23.10 बजे, एमपी गुजरात ढाबा के सामने कनारी बाँक जाने वाले रास्ते पर 100 मीटर पर।

बरामदगी का विवरण

- 02 अदद कुल्हाडी व
- एक अदद बाँका।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. उ0नि0 बृजकिशोर चाहर थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
2. का0 मोनू यादव थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
3. का0 अमित कुमार थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
4. का0 अभय ठाकुर थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,